किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मुख्य आरोपी सहित पांच पर रिपोर्ट दर्ज

मीरगंज (आज ब्यूरो)।शीशगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगो की मिलीभगत से किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुख्य आरोपी समेत 5 लोगो पर किशोरी के पिता की शिकायत प्राथमिकी लिखी गई है किशोरी के पिता ने बताया कि वह 15 नम्बर को पत्नि के साथ भाई दूज करने ससुराल गया था और घर पर उसकी 18 वर्षीय पुत्री अकेली थी। जब वह ससुराल से वापस घर लौटा तो उसकी पुत्री घर मे नहीं थी। गांव व रिश्तेदारों में उसे काफी तलाश किया लेकिन बह नही मिलीए काफी तलाशने के बाद पता चला कि गांव का ही एक युवक अपने साथियों की मदद लेकर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया और पिता का आरोप है कि युवती अपने साथ 26000 की नगदी भी ले गई है। जब उसने आरोपी के पिता से पुत्री को बापस देने की बात कही तो वह टालमटोल करने लगे। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने बताया कि सहोड़ा निवासी मुख्य आरोपी वागेश कुमार ब उसके साथी सोनू,राधेश्याम,शन्नू, रामआसरे पर प्राथमिकी लिखकरए किशोरी की तलाश में कई जगह दविश दी गई है। उसे जल्द बरामद कर न्यायालय में पेश कर दिया जायेगा।

अफीम बरामद कर एनडीपीएस में भेजा जेल

मीरगंज (आज ब्यूरो)।शाही पुलिस ने गुरुवार की रात्रि 2 बजे के लगभग गस्त के दौरान मिली मुखबिर की सूचना पर थाना शाही पुलिस,शाही भिटौरा मार्ग के खरसेनी गांव के पास से नन्हे लाल निवासी खरसेनी को गिरफ्तार किया गया तलाशी लेने पर पकड़े गए अधेड़ के पास से 2.650 ग्राम अफीम बरामद हुई पुलिस ने पकड़े गए अधेड़ को छक्कै एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया ।

एनपीएस के विरोध में किये गये हड़ताल मतदान की काऊंटिंग हुई पूरी

बरेली (आज समाचार सेवा)। एआईआरएफ एनजेसीए के आह्वान पर सम्पूर्ण भारतीय रेलवे के सभी जोनों, मण्डलों एवं शाखा स्तर के साथ.साथ सभी राज्यों के कर्मचारी संगठनों के द्वारा संयुक्त रूप से अपने-अपने विभागों में न्यू पेंशन स्कीम के विरोध पर दो दिवसीय हड़ताल मतदान किया गया जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल में 20.11.2023 को सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट श्रद्धा सक्सेना की उपस्थिति में जो मतदान बक्से सील किये गये थे मतदान पूरा होने पर आज 24.11.2023 को श्रद्धा सक्सेना की ही उपस्थिति में मतदान बक्सों की सील तोड़कर वोटों की गिनती शुरू की गई जिसमें लगभग 98.6 प्रतिशत कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में अपना मतदान किया। एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष बसन्त चतुर्वेदी ने बताया कि जिस तरह रेल कर्मचारियों ने मतदान किया है उससे यह स्पष्ट है कि सभी कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना लागू करवाना चाहते हैं और अब भी यदि भारत सरकार नहीं चेती तो एआईआरएफ एनजेसीए के द्वारा भारत सरकार को तीन महीने पहले अनिश्चितत कालीन हड़ताल का नोटिस दिया जायेगा। वोटों की काउंटिंग के समय मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक एवं उनकी पूरी नरमू टीम उपस्थित रही। इस अवसर पर कारखाना मंडल अध्यक्ष परवेज अहमद, रामकिशोर, रईस अहमदएबी एन सिंह, संजय त्यागी, पीके दुबे, राजेश चरन लाल, आरके पाण्डेय देवेन्द्र सिंह चौहान, युनुस, जितेन्द्र कुमार, कुलदीप आर्या, रिया सिंह,पंकज कुमार, पिंकी सिंह, एसएसचौहान, हरीश भारती, महीप कश्यप, विपेंद्र ठाकुर, इन्द्र सिंह सक्सेना अशोक कुमार,मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन साहब सिंह तोमर आदि उपस्थित थे।

चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

बहेड़ी (आज ब्यूरो)। युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की ओर से चार लोगों के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में कई जगह दबिशे दी हैं। जानकरी के मुताबिक शेरगढ़ थाने के ग्राम मुहम्मदपुर निवासी 24 वर्षीय धर्मेंद्र का शव गांव से शुक्रवार को गांव से एक किलोमीटर दूर किच्छा नदी के पास झाड़ियों में पड़ा मिला था। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक की ज़मीनी रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या की गई है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के भाई करन की शिकायत पर आरोपी युवक जसपालए भानू प्रताप, चंद्रपाल, देवीदास पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।जमीनी विवाद में हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया है।

स्पेशल बच्चों के साथ मनाया गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान दिवस

बरेली (आज समाचार सेवा)। भारत विकास परिषद सांस्कृतिक एवं साहित्यिक शाखा बरेली की संयोजिका शमा गुप्ता ने जीवन धारा पुनर्वास एवं शोध संस्थान पीलीभीत रोड पर स्थितए आज स्पेशल बच्चों के साथ नवमी गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान दिवस बच्चों के साथ मनाया गया। बच्चों को तेग बहादुर जी के बारे में बताया !कि उन्होंने अपनी शीश काटकर अपना बलिदान दिया। इसी उपलक्ष्य में दिल्ली में शीशगंज गुरुद्वारा के नाम से प्रसिद्ध है! बच्चों ने राष्ट्रगान भी गया, तथा भजन के ऊपर बच्चों को डांस भी कराया गया !बच्चे बहुत खुश थे बच्चे आनंद में हो रहे थे! डॉ अमिताभ मिश्रा, हर्ष चौहान,शमा गुप्ता, सोनल भाटिया ममता दिवाकर, प्रीति गंगवार,रजनी गंगवार, हेमा चौहान रुखसार खान, फारिया, मोहम्मद गौहर अब्बास यह सब उपस्थिति रही।

चौबारी रामगंगा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व काव्य धारा की रही धूम

बरेली (आज समाचार सेवा)। जिला प्रशासन के सौजन्य से कार्तिक मेले श्री रामगंगा चौबारी में जवाहर सांस्कृतिक दल द्वारा हरजीत कौर के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।इसमें प्रियंका कश्यप, राखी,शिवानी, अंशिका, देविका, स्नेहा शर्मा मनोज कुमार, रवि सक्सेना, राजकुमार प्रेमी आदि ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।इसके उपरांत ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन की ओर से कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें वरिष्ठ कवि रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने अपनी रचना में कहा गंगा यमुना सरस्वती, सरयू पर तीर्थ महान है।सकल देश की नदियों पर कार्तिक का पर्व स्नान है। माँ गंगा अपने भारत में जीवन की एक रेखा है। देश विदेश में गंगा माँ की अतुलनीय पहचान है। मनोज दीक्षित ठिंकू ने कहा गंगा मैया आपको शत शत कोटि प्रणाम।भागीरथी जाह्नवी जैसे तेरे नाम। सत्यवती सिंह सत्या ने कहा जय गंगा माता।जो नर नदी में डुबकी लगाता वो नर तर जाता। उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने कहा कहती जमुना से यह गंगा।होवे कहीं नहीं अब दंगा।इस माटी का तिलक लगाकर।घर.घर फहरे आज तिरंगा।ग्राम प्रकाश सिंह ओज ने कहा बड़ा सुकून मिलता घर आँगन।तभी तो मुझे बेटी हरिद्वार, मथुरा वृंदावन काशी लगती है। असरार नसीमी ने कहा प्रात दिन जारी रहता है तेरा सफर।शहरों शहरों से होता है तेरा गुजर। बाकर जैदी ने कहा हर एक दिल दिमाग है हमसे तेरा हुआ।तुम क्या खफा हुए कि जमाना रुका हुआ । बिलाल राज ने कहा इतनी हसरत मेरे चेहरे पे उजागर की राजा।मेरा कातिल भी मुझे मार के रोया होगा। हिंदुस्तान स्काउट गाइड का शिविर जिला प्रशासन के कार्यालय के सामने लगा है।इस अवसर पर सुनील धवन, राजीव शर्मा टीटू, देवेन्द्र रावत, मोहम्मद नवी, सैय्यद सिराज अली, पवन कालरा हिमांशु सक्सेना, अलका मिश्रा, गोविंद सैनी, प्रदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

साहित्य परिषद ने समग्र क्रांति के पुरोधाओं को किया सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रजप्रान्त बरेली के तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन ब्रजलोक कालोनी स्थित सारस्वती विद्या मंदिर के सभागार में किया गया । गोष्ठी की अध्यक्षता लोकतंत्र रक्षक सेनानी डा वीरेन्द्र कुमार जैसवार ने की । इस अवसर पर आपातकाल के घटाटोप अंधेरे में लोकतंत्र की बहाली तथा अभिव्यक्ति की आजादी के लिए संघर्ष करने बाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को साहित्य परिषद ने समग्र क्रांति पुरोधा सम्मान से सम्मानित किया ।प्रांतीय अध्यक्ष डॉ सुरेश बाबू मिश्रा कार्यक्रम अध्यक्ष डा वीरेन्द्र सिंह जैसवार, जनपदीय मन्त्री ब्रज किशोर शर्मा ने सभी का माल्यार्पण कर एवं उन्हे प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया । सम्मानित होने बालों में लोकतंत्र रक्षक सेनानी वीरेन्द्र अटल, विनोद कुमार गुप्ता ,सुन्दर लाल गुप्ता,राजेन्द्र पाल सिंह कन्नौजिया,अरुण कुमार श्रीवास्तव,गुरुमेल सिंह,डा वीरेन्द्र सिंह जैसवार तथा सुमन्त माहेश्वरी शामिल रहे । प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि आपातकाल में देश के नौजवानों द्वारा लोकतंत्र की बहाली के लिए किए गए बेमिसाल संघर्ष के कारण ही आज देश में लोकतंत्र सुरक्षित है । उन्होंने गोष्ठी में मौजूद साहित्यकारों से अनुरोध किया कि बे अपनी रचनाओं के माध्यम से लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के संघर्षों एवं बलिदानों की गाथा नई पीढी तक पहुंचाएं । लोकतंत्र रक्षक सेनानी वीरेन्द्र अटल ने आपातकाल के प्रसंग साझा किए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष को छात्रों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में डॉ वीरेन्द्र सिंह जैसवार ने कहा कि लोकतंत्र रक्षक सेनानी विद्यालयों में छात्रों के मध्य विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन करेंगें जिससे उन्हे इस संघर्ष की जानकारी मिल सके । इस अवसर पर उमेश चन्द्र गुप्ता ,कमल सक्सेना ,रमेश रंजन तथा विमलेश दीक्षित ने काव्य पाठ किया ।कार्यक्रम का संचालन बरिष्ठ साहित्यकार निरूपमा अग्रवाल ने किया । जनपदीय मन्त्री डॉ ब्रजेश कुमार शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से नालसा हेल्पलाइन की दी गई जानकारी

बरेली (आज समाचार सेवा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा देश में आम जनता के लिए विधिक सहायता प्रदान करने हेतु नि:शुल्क हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है स जिसके संबंध में आज राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली के अपर जिला जज सचिव श्री सत्य प्रकाश आर्य द्वारा बताया गया कि प्रात: 11रू30 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को नालसा हेल्पलाइन 15100 की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई । जनपद न्यायालय सभागार में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी पैनल अधिवक्ताओ के साथ सभी पैरालीगल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

स्मैक के साथ चार को पकड़ा,भेजा जेल

फ्तेहगंज पश्चिमी(आज ब्यूरो)। पुलिस ने चार को नाजायज स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 5 लाख 60 हजार रुपये है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय को मुखबिर से सूचना मिली कि चार तस्कर स्मैक लेकर बेचने जा रहे है।सूचना के आधार पर उन्होंने दरोगा ब्रहमपाल सिंह कॉन्स्टेबल अनुज कुमार इरशाद सरवर कपिल कुमार रजत कुमार को भेजकर मुखबिर खास के बताये स्थान से दबिश देकर इनको पकड लिया। नाम पता पूछा तो वासू हसन नई बस्ती तथा दूसरे ने अपना नाम सलीम नई बस्ती फ्तेहगंज पश्चिमी तीसरे ने भूरा चौथे ने अपना नाम फ्हीम निवासी मवई काजीयान थाना शेरगढ बताया। पकड़े गये व्यक्तियो को अवैध स्मैक रखने व बेचकर धन कमाने के जुर्म धारा एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

चौबारी मेले में लगा विधिक जागरूकता शिविर

बरेली (आज समाचार सेवा)। अपर जिला जज सचिव सत्य प्रकाश आर्य द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आम जनता को राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर 2023 में उपस्थित होकर अपने विवादों को समझौता के आधार पर निस्तारित कराने के लिए अलग.अलग स्थान पर शिविर लगाकर जानकारी दी जा रही हैए इसी क्रम में रामगंगा स्थित चौबारी मेले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली द्वारा शिविर लगाकर आम जनता को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली द्वारा आम जनता के हित में किये जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया गया।

गुरु तेग बहादुर सिंह जी का शहीद दिवस

खड़ा हुआ औरँगजेब,लेकर के तलवार।
बनना है मुस्लिम चलो,हो जाओ तैयार।।

सिक्खों के थे गुरु नवम,कटा दिया था शीश।
रक्षा की थी धर्म की,पंडित को आशीष।।

तेग बहादुर सिंह ने,किया जान कुर्बान।
पूँज उठा था देश में,इनका कृत्य महान।।

सीख सदा दी प्रेम की,नैतिकता का ज्ञान।
केश बहुत अनमोल हैं,नहीं सहा अपमान।।

शीशगंज थी वो जगह,जहाँ तजे थे प्रान।
पूजित है रकाबगंज,हुआ जहाँ प्रस्थान।।

गुरुद्वारा साहिब जहाँ,आते भक्त हजार
नतमस्तक सारे वहाँ,बरसे नेह अपार।

रचे हुए थे पद्य भी,बहुत मिला था मान।
शामिल कर गुरुग्रंथ में,दिया हुआ सम्मान।

डा.अखिलेश गुप्ता
गुरु नानक खालसा इंटर कॉलेज

राम कथा को जन-जन तक पहुंचाने बाले राधेश्याम कथावाचक

बरेली (आज समाचार सेवा)। इस पावन धरती पर अनेक ऐसे साहित्यकार हुए हैं जिन्होंने अपने साहित्य के द्वारा बरेली के परचम को पूरे देश में फैलाया है। इन साहित्यकारों में पंडित राधेश्याम कथावाचक का नाम अग्रिणी है। उन्होंने राधेश्याम रामायण की रचना की जिसके माध्यम से उन्होंने रामकथा को जन-जन तक पहुंचाया। राधेश्याम रामायण ने राधेश्याम कथावाचक को साहित्य के क्षेत्र में अमर बना दिया। उन्हें बरेली का तुलसी कहा जाय तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। वे बहमुखी प्रतिभा के धनी साहित्यकार थे। उन्होंने साहित्य की हर विधा में अपनी लेखनी चलाई। अपनी साहित्यिक यात्रा के दौरान उन्होंने विपुल साहित्य की रचना की मगरए उन्हें विशेष ख्याति राधेश्याम रामायण के कारण ही मिली। उन्होंने कई प्रसिद्ध नाटक लिखे। पारसी रंगमंच की शैली में लिखे गए उनके नाटक बहुत लोकप्रिय हुए। उनके अनेक समसामयिक लेख पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। वे प्रखर पत्रकार भी थे। उन्होंने सन् 1922 से 1929 भ्रमर मासिक पत्रिक का प्रकाशन किया। बताते हैं कि इस पत्रिका की 25 हजार प्रतियां प्रकाशित हुआ करती थीं। मुंशी प्रेमचन्द तथा यशपालजैसे ख्यातिलब्ध कहानीकारों की प्रारम्भिक दौर की कई कहानियां भ्रमर पत्रिका में ही प्रकाशित हुईं। भ्रमर पत्रिका को रचनाएं राष्ट्रीय चेतना से ओत.प्रोत होती थीं। इस प्रकार भ्रमर पत्रिका ने स्वतंत्रता समर की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राधेश्याम कथावाचक का जन्म 25 नवम्बर 1890 को बरेली शहर के बिहारीपुर मुहल्ले में पंडित बांके लाल के यहां हुआ था। उनके घर में धार्मिक वातावरण होने के कारण बचपन से ही रामायण एवं अन्य धार्मिक ग्रन्थों में गहरी निष्ठा थी। जैसे.जैसे वे बड़े हुए बाल्मीकि रामायण तथ रामचरित मानस में उनकी रुचि बढ़ गई।

उन्होंने लोक नाट्य शैली के आधार पर खड़ी बोली में राधेश्याम रामायण की रचना की। इसमें 25 खण्ड हैं। राधेश्याम रामायण हिन्दी भाषा भाषी क्षेत्रों खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुत लोकप्रिय हुई।उस समय गाँव.कस्बों एवं शहरों में थियेटर, नाटक कम्पनी एवं नौटंकी की कंपनियों का दौर था। रामलीला के दौरान वस्त्र हरण गाँवों कस्बों एव सती पार्वती शहरों में नाटक कम्पनियां और नौटंकी कई.कई हफ्ते चला करती थी। इतनी लोकप्रिय हुई कि कथावाचक के जीवनकाल में ही इसकी पौने दो करोड़ प्रतियां बिक चुकी थीं।लोक नाट्य शैली में लिखी हुई थी। इसलिए रामलीला के मंचों पर इसका अभिनय करने एवं गाने में बहुत आसानी होती थी। नगाड़े की ध्वनि हारमोनियम के स्वरों के साथ इसे सुनने में दर्शकों को बड़ा आनन्द आता था। इसलिए रामलीला में राधेश्याम रामायण सुनने के लिए भारी भीड़ जुटा करती थी।कथावाचकों ने भी राधेश्याम रामायण को हाथों हाथ लिया। गाँव.गाँव में घर-घर तक राम की कथा को पहुंचाने का श्रेय राधेश्याम कथावाचक को ही जाता है। गाँवों और कस्बों में ढोलक तथा हारमोनियम के साथ कथावाचक अपने मधुर स्वर में राधेश्याम रामायण गाया करते थे तो दर्शक मन्त्रमुग्ध से हो जाते थे। धीरे.धीरे राधेश्याम रामायण की लोकप्रियता बढ़ती गई। राधेश्याम अपनी 45 वर्ष की साहित्य यात्रा के दौरान उन्होंने 75 पुस्तकों की रचना की। इसके साथ ही उन्होंने लगभग 175 पुस्तकों का सम्पादन किया। उन्होंने राधेश्याम कथावाचक प्रेस के नाम प्रसिद्धि की चरम सीमा पर पहुंचाय। वे लम्बे समय तक कथावाचन एवं नाट्य लेखन तथा मंचन में भारत के सिरमौर बने।अल्फ्रेड कम्पनी से जुड़कर उन्होंने कई प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय नाटकों की रचना की। उन्होंने श्वीर अभिमन्यु द्रौपदी स्वयंवर, द्रौपदी हरिश्चन्द्र पृथ्वीराज श्रवण कुमार श्भक्त प्रह्लाद श्रीकृष्ण अवतार रुक्मिणी माल महर्षि वाल्मीकि देवर्षि नारद तथा उद्धार और आजादी जैसे प्रसिद्ध नाटक लिखे जो दर्शकों में बहुत लोकप्रिय हुए। उस समय पेशावर लाहौर अमृतसर दिल्ली जोधपुर बम्बई मद्रास और ढाका तक उनके नाटकाकें की धूम मची रहती थी।राधेश्याम कथावाचक को विशेष प्रसिद्धि उनकी मधुर कथावाचन में शैली के कारण मिली। वे पूरे भारत में कथावाचक के लिए बुलाए जाते थे। वे जहां जो लोग महीनों तक उनके द्वारा सुनाई जाने वाली कथा का आनन्द लेते थे। सामान्य लोगों से लेकर विशिष्ट व्यक्ति भी उनकी कथावाचन शैली के प्रशंसक थे। उनकी कथा वाचन शैली पर मुग्ध होकर पंडित मोती लाल नेहरू ने उन्हें इलाहाबाद आमंत्रित कर उनसे अपने आवास पर चालीस दिनों तक कथा सुनी। देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद भी राधेश्याम की कथावाचन शैली के बहुत प्रशंसक थे। उन्होंने दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राधेश्याम कथावाचक को आमंत्रित कर उनसे पन्द्रह दिनों तक रामथा सुनी। राधेश्याम कथावाचक पंडित मदन मोहन मालवीय को अपना गुरु मानते थे। कहते हैं कि जब एक बार पंडित मदन मोहन मालवीय बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के लिए चन्दा एकत्र करने बरेली पधारे तो पंडित राधेश्याम कथावाचक ने अपनी एक वर्ष की कमाई उन्हें दान में दे दी थी। देश के कई प्रसिद्ध व्यक्तियों से उनके घनिष्ट सम्बन्ध रहे। उस समय के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता पृथ्वीराज कपूर तथा कहानी सम्राट प्रेमचन्द उनके अभिन्न मित्र थे। उन दोनों से राधेश्याम कथावाचक की यह मित्रता ताउम्र बनी रही। प्रसिद्ध उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला उनके परम शिष्य थे।उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई और कृष्ण सुदामाश्फिल्मों के लिए गीत भी लिखे जो बहुत लोकप्रिय हुए।उनकी प्रसिद्धि एवं लोकप्रियता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि सन् 1922 में लाहौर में आयोजित श्विश्व धर्म सम्मेलनश् का शुभारंभ उनके द्वारा गाए गए मंगलाचरण के साथ हुआ। राधेश्याम कथावाचक एक कालजयी साहित्यकार थे। उन्होंने पूरे देश में साहित्य के क्षेत्र में बरेली को एक नई पहचान दिलाई। आज वे हमारे मध्य नहीं हैंए मगर अपनी कृतियों के माध्यम से वे सदैव अमर रहेंगे।

सुरेश बाबू मिश्रा

जयन्ती पर विशेष

राजा रानी कूपन
LIVE RESULT
CONTACT FOR RESULTS
08446006490, 08087744446
www.rajaranicoupon.com

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लीडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**- महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-35 **पूर्ण संख्या-12261**

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

ICICI Home Finance
कारपोरेट कार्यालय:—आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई—400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय:— शाप नंबर-9, ग्राउण्ड फ्लोर,जी.के.एस.प्लैश,अय्यूब खां,—चौपुला रोड 63-64,सिविल लाइन्स,बरेली-243001

(देखें-नियम-8 (6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जावेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सह-कर्जदारों/ गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतित्व सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	मोहम्मद राशिद (कर्जदार) नूरजहां (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या-LHBAR00001354989	खसरा नं.909 मिन.और 1037 मिन. बिहारमान नगला बरेली-243001	रू. 28,47,382/- नवम्बर 18,2023	रू. 27,95,400/- रू. 2,79,540/-	11दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	29दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** के वेबसाइट **(URL Link-/https://BestAuctionDeal.com)** हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक पर संचालित की जायेगी/बंधक कर्ताओं को **दिसम्बर 28, 2023** तथा **अपरान्ह-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जावेगी।
अपेक्षित बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखें) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड शाप नंबर-9, ग्राउण्ड फ्लोर,जी.के.एस.प्लैश,अय्यूब खां,-चौपुला रोड 63-64,सिविल लाइन्स,बरेली-243001** पर **दिसम्बर 28, 2023** के पूर्व अवश्य जमा कर देवें/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होंगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड शाप नंबर-9, ग्राउण्ड फ्लोर,जी.के.एस.प्लैश,अय्यूब खां,-चौपुला रोड 63-64,सिविल लाइन्स,बरेली-243001** पर **दिसम्बर 28, 2023** के पूर्व अथवा तक **अपरान्ह 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन** के पक्ष में **बरेली** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-** स्थान **बरेली** के नाम होना चाहिये।
निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्तें अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **022-69974300** या हमारे **सेल्स और मार्केटिंग हिस्सेदार नैक्सजेन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड** से सम्पर्क किया जा सकता है।
अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तों हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।
दिनांक: नवम्बर 25,2023 **अधिकृत अधिकारी**
स्थान: बरेली। **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड**